छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, रायपुर

शंकर नगर मार्ग, रायपुर –492001

फोन न. –0771–2439562, 2446556 (फैक्स), वेबसाइट–www.psc.cg.gov.in

क्रमांक 558 / 06 / चयन / 2020 दिनांक 24/08/2020

साक्षात्कार / दस्तावेज सत्यापन हेतु "सूचना पत्र"

ग्रंथपाल / क्रीड़ा अधिकारी (उच्च शिक्षा विभाग)

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के विज्ञापन क्र. 05 / 2019 / परीक्षा / दिनांक 02.03.2019 रोजगार और नियोजन में प्रकाशन दिनांक 06.03.2019, शुद्धि पत्र क्रमांक 11 / 2019 / परीक्षा / दिनांक 21.08.2019 के अंतर्गत **ग्रंथपाल (उच्च शिक्षा विभाग)** पद हेतु दिनांक 26 नवम्बर 2019 को ऑनलाईन परीक्षा का आयोजन किया गया तथा दिनांक 17.03.2020 को लिखित परीक्षा परिणाम जारी किया गया है। ऑनलाईन परीक्षा के प्राप्तांकों व अर्ह अभ्यर्थियों की उपलब्धता के आधार पर कुल 86 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु चिन्हांकित किया गया है। साक्षात्कार दिनांक 10 से 12 सितम्बर 2020 तक आयोजित की जाएगी।

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के विज्ञापन क्र. 05 / 2019 / परीक्षा / दिनांक 02.03.2019 रोजगार और नियोजन में प्रकाशन दिनांक 06.03.2019, शुद्धि पत्र क्रमांक 10 / 2019 / परीक्षा / दिनांक 23.07.2019 के अंतर्गत **क्रीड़ा अधिकारी (उच्च शिक्षा विभाग)** पद हेतु दिनांक 26 नवम्बर 2019 को ऑनलाईन परीक्षा का आयोजन किया गया तथा दिनांक 17.03.2020 को लिखित परीक्षा परिणाम जारी किया गया है। ऑनलाईन परीक्षा के प्राप्तांकों व अर्ह अभ्यर्थियों की उपलब्धता के आधार पर कुल 98 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु चिन्हांकित किया गया है। साक्षात्कार दिनांक 15 से 18 सितम्बर 2020 तक आयोजित की जाएगी।

उपरोक्त पदों के साक्षात्कार हेतु चिन्हांकित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन साक्षात्कार तिथि के एक दिन पूर्व निर्धारित पाली **प्रथम पाली**– पूर्वान्ह 09.00 बजे से 12.00 बजे तक तथा **द्वितीय पाली**– अपरान्ह 01.00 बजे से 05.00 बजे तक किया जाकर निर्धारित तिथि को साक्षात्कार लिया जायेगा। दस्तावेजों के सत्यापन में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

अभ्यर्थी के पास आवश्यक शैक्षणिक अर्हताओं एवं अन्य अर्हताओं का "प्रमाण–पत्र" ऑनलाईन आवेदन करने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि अथवा उसके पूर्व प्राप्त कर लिया होना चाहिए। ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि के बाद की तिथि को जारी की गई शैक्षणिक अर्हताओं एवं अन्य अर्हताओं के प्रमाण पत्र मान्य नहीं होंगे। इस संबंध में शैक्षणिक दस्तावेजों / स्थायी जाति / निवास / आय / निःशक्तजन प्रमाण पत्र / पहचान पत्र / अन्य प्रमाण पत्रों के मूल प्रति तथा एक–एक सत्यापित अथवा स्वप्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत करें। आवश्यक शैक्षणिक अर्हता / अन्य प्रमाण पत्रों की कमी होने पर अभ्यर्थी की उम्मीदवारी समाप्त कर दी जायेगी एवं इस संबंध में कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। दस्तावेजों के सत्यापन में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

24.8.2020

परीक्षा नियंत्रक
छ.ग. लोक सेवा आयोग
रायपुर